Gram : UNIVERSITY
FAX: 0512-2570006

Web: www.kanpuruniversity.org

Off.
V.C. : 2581280
REGI.: 2580044

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

KALYANPUR, KANPUR-208024
कल्याणपुर, कानपुर–208024

सन्दर्भ संः सी.एस.जे.एम.वि.वि./सा.प्रशा./5278/2021

दिनांक : 01/10/2021

सेवा में,

1. समस्त डीन/निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी, परिसर, सी.एस.जे.एम.विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

विषय :– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 02 अक्टूबर, 2021 को "गांधी जयन्ती समारोह" मनाए जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के संलग्न पत्र संख्या–2366/सत्तर–3–2021 दिनांक 01 अक्टूबर, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 02 अक्टूबर, 2021 को "गांधी जयन्ती समारोह" मनाए जाने के संबंध में है।

उक्त पत्र में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों को 02 अक्टूबर, 2021 को 152वें गांधी जयन्ती समारोह को, वैश्विक कोविड–19 से बचाव के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों जैसे मास्क, सेनेटाइजेशन व सोशल डिस्टेंसिंग आदि का कड़ाई से अनुपालन करते हुए, सम्मानपूर्वक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

अतः शासन के उक्त पत्र में उल्लिखित कार्यक्रम एवं दिशा–निर्देशों के अनुसार आवश्यक कार्यवाही करने/कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

डॉ0 (अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त डीन, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर।
2. कुलानुशासक, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर।
3. अधिष्ठाता छात्र कल्याण, सी.एस.जे.एम.वि.वि, कानपुर।
4. सिस्टम मैनेजर, संगणक केन्द्र को इस आशय से प्रेषित है कि उक्त पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के कालेज लागिंन के होम पेज पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ ।
6. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव जी।
7. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

Circular संख्या–2366/सत्तर–3–2021

AR (Admin)

LP
01.10.21

प्रेषक,

मोनिका एस0 गर्ग
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3. **कुलसचिव,**
समस्त निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 **लखनऊ: दिनाँक 01 अक्टूबर, 2021**

विषय:–राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस 02 अक्टूबर, 2021 को "गांधी जयन्ती समारोह" मनाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सूचना अनुभाग–2 के पत्र संख्या–08/2021/795/उन्नीस–2– 2021–1084/85, दिनांक 30 सितम्बर, 2021 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2– भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का अप्रतिम योगदान है। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्ज्वलित किया। देश की राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में अप्रतिम भूमिका का निर्वहन किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस 02 अक्टूबर हमारे देश के उन सहस्रों ज्ञात व अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रान्तिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का बेहतर अवसर है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की बलिवेदी पर अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। यह दिन हम सबको राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के आदर्शों, सिद्धान्तों व उनके सद्विचारों को अपनाने के साथ ही उनके पदचिन्हों पर चलने का सुअवसर प्रदान करना है।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी 02 अक्टूबर, 2021 को 152वें गांधी जयन्ती समारोह को, वैश्विक महामारी कोविड–19 से बचाव के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों जैसे मास्क, सेनेटाइजेशन व सोशल डिस्टेन्सिंग आदि का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए, सम्मानपूर्वक आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में निम्नलिखित कार्यक्रम मनाये जायेंगे :–

(क) सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये।

(ख) सभी कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बड़े कक्ष या हाल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष द्वारा प्रातः 09:00 बजे महात्मा गांधी जी के एक बड़े चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाये और उसके बाद गांधी जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश–सेवा, उनके जीवन–मूल्यों पर प्रकाश डाला जाये। विशेष रूप से निर्बलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बन्धी 'अन्त्योदय' की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारों का संक्षेप में परिचय दिया जाये।

(ग) विश्वविद्यालयों और कालेजों में गांधीवादी जीवन–दृष्टि का प्रचार तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों की वाद–विवाद प्रतियोगिता एवं गोष्ठी आयोजित की जाये, जिसमें जातिगत

भेद–भाव से ऊपर उठकर समाज में समता और समरसता लाने पर बल दिया जाये। मानवाधिकारों की सुरक्षा तथा निर्बलों के उत्पीड़न को समाप्त करने और सामाजिक न्याय की अवधारणा एवं उसकी आवश्यकता की पूर्ति हेतु शासन की प्रतिबद्धता से जन–साधारण को अवगत कराया जाये।

(घ) महिलाओं की उन्नति के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा बताये गये मार्ग का अनुकरण करने, बालिका शिक्षा के प्रसार, दहेज–प्रथा की समाप्ति तथा महिलाओं को आर्थिक–सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने और सामाजिक चेतना पैदा करने के लिए महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से जन–सामान्य, विशेषकर महिलाओं को –जागरूक कराने हेतु प्रभावी अभियान चलाया जाये। राज्य सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाने के लिए "जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम–1950" के प्राविधानों में संशोधन करके अविवाहित पुत्रियों को भी कृषि भूमि पर उत्तराधिकार हक प्रदान किया गया है। अविवाहित पुत्री के विवाह कर लेने की स्थिति में भूमि पर मिला अधिकार उसके पति को न जाकर भूमिधर के परिवार के निकटतम उत्तराधिकारी को पूर्ववत् व्यवस्थाओं के अधीन प्राप्त हो जायेगा।

(ड.) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की ग्राम स्वराज्य की अवधारणा के अनुसार गांवों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने तथा मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने के साथ ही ग्रामवासियों में सच्चरित्रता, सादगी तथा स्वावलम्बन की भावना उत्पन्न की जाये। इस दिशा में शासन की पारदर्शी नीति और इस सम्बन्ध में किये गये अभिनव एवं सार्थक प्रयासों से भी जन साधारण को अवगत कराया जाये।

(च) गांधी जयन्ती–2021 के समारोह को 'आजादी के अमृत महोत्सव' के कार्यक्रमों के साथ जोड़ा जाय । इस अवसर पर स्वरतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा राष्ट्र की सेवा में लगे हुए व्यक्तियों को भी सम्मानित किया जा सकता है। इस अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा एक दिन प्रत्येक ग्राम पंचायत की बैठक कर 'हर घर जल' कार्यक्रम, जल संरक्षण आदि विषय पर भी बैठक आयोजित की जाय।

4– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में चलाये गये स्वाधीनता आन्दोलन, उत्तर प्रदेश में उसके व्यापक प्रभाव, उनके महान व्यक्तित्व द्वारा किये गये रचनात्मक कार्यक्रमों, स्वदेशी आन्दोलन, नमक सत्याग्रह, व्यक्तिगत सत्याग्रह, आदि पर प्रकाश डाला जाये।

5– 'सादा जीवन उच्च विचार', मितव्ययिता, नैतिकता, भाईचारा तथा सर्वधर्म समभाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी जाये। उन्हें यह भी बताया जाये कि देश को कमजोर करने वाली शक्तियों से सावधान रहते हुए राष्ट्रीय अस्मिता की। रक्षा करना उनका पुनीत कर्तव्य है, जिसका संकल्प आज के दिन दोहराया जाना चाहिए।

6– 'पंचायती राज को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी लोकतंत्र की बुनियादी इकाई मानते थे। इन संस्थाओं की स्वायत्तता और स्वावलम्बन का सपना साकार करने के लिए प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन निर्णयों से जन–साधारण को अवगत कराते हुए बताया जाये कि पंचायतें ग्रामीण विकास तथा 'ग्राम–स्वराज' के नये मार्ग प्रशस्त करेंगी। अब गांवों के विकास कार्यक्रमों में गांवों के नागरिकों, मुख्यतः महिलाओं एवं निर्बल वर्ग के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

7– पंचायतों, सार्वजनिक संस्थाओं तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों में आस्था रखने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता से रचनात्मक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के साथ ही समरसता, सद्भाव और सहयोग पर आधारित आदर्श समाज की आवश्यकता को रेखांकित किया जाये। धर्म, जाति, रंग आदि सभी भेदभावों को मिटाकर विभिन्न सम्प्रदायों के लोगों में पारस्परिक सद्भाव, एकता तथा सहयोग बढ़ाने वाली चेतना विकसित करने के लिए जन–सहभागिता के आधार पर उचित वातावरण तैयार करने का हर सम्भव प्रयास किया जाये।

8– विकास सम्बन्धी शासन की प्राथमिकताओं से जन–मानस को अवगत कराते हुए उन्हें अपेक्षित योगदान के लिए प्रेरित किया जाये। अपराधमुक्त, अन्यायमुक्त एवं भयमुक्त, वातावरण सृजित करने के साथ ही कानून व्यवस्था पर जीरो टालरेंस की नीति पर चलते हुए कानून का राज स्थापित करने तथा संवेदनशील एवं स्वच्छ प्रशासन देने के प्रयासों से आम जनता को अवगत कराया जाये।

9– विकास सम्बंधी शासन की प्राथमिकताओं से जनमानस को अवगत कराते हुए उन्हें अपेक्षित योगदान के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही बेहतर वातावरण के साथ स्वच्छ प्रशासन देने के प्रयासों से आम जनता को अवगत कराया जाए।

10– प्रदेश की वर्तमान सरकार का लक्ष्य है– 'जन आकाक्षाओं की पूर्ति तथा राज्य का समग्र विकास'। राज्य सरकार 'सबका साथ–सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास' के आधार पर सभी वर्गों की उन्नति, कल्याण एवं सर्वांगीण विकास हेतु कृत–संकल्पित है। बापू की जयन्ती पर उनकी विचारधारा से प्रेरणा लेकर एक सशक्त, समर्थ एवं आत्मनिर्भर भारत के परिकल्पना को उ0प्र0 सरकार पूरा करने के लिए दृढ संकल्पित है।

11– स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसमें यथोचित परिवर्तन/परिवर्धन करने के लिए आप सक्षम है और ऐसे अन्य कार्यक्रम भी सम्मिलित कर सकते है जो इस अवसर के लिए उपयुक्त हों।

वर्तमान सरकार के साढे चार वर्ष के कार्यकाल के दौरान ऐतिहासिक निर्णयों एवं विकासपरक तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों द्वारा उठाये गये कदमों से स्पष्ट है कि सरकार प्रदेश के आमजन के विकास, उनकी सुरक्षा और कानून व्यवस्था के प्रश्न पर अत्यंत संवेदनशील है। इसके साथ ही कोरोना महामारी का डटकर मुकाबला किया जा रहा है और विकास की गति को भी धीमा नहीं होने दिया गया है। राज्य सरकार इस अप्रत्याशित संकट को अवसर में बदलते हुए जन सरोकार के कार्यों को पूरी दृढता के साथ लागू कर रही है और कोरोना महामारी से निपटने के लिए छेड़ी गई जंग में अन्य राज्यों से आगे है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के हितों तथा राज्य के समग्र विकास के लिए संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों, जिनका 'संलग्न परिशिष्ट' में उल्लेख किया गया है, के संबंध में जनसाधारण को अवगत कराया जाय।

यह देश सभी धर्मों और सम्प्रदायों में पारस्परिक सद्भावना व एकता से ही प्रगति कर सकता है। प्रदेश में शांति एवं सद्भाव का वातावरण सृजित करने के लिए इस अवसर पर कोविड–19 से बचाव हेतु भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जाये और लोगों को जागरूक भी किया जाए।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया,

(मोनिका एस0 गर्ग)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या– 2366(1)/सत्तर–3–2021, तद्दिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2– निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री, उ0प्र0 शासन।
3– समस्त कुलपति, राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
4– समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5– गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अब्दुल समद)
विशेष सचिव।

संख्या 2496 /VIP-PSHED/2020

अपर मुख्य सचिव कार्यालय
में प्राप्त दिनांक 01/10/21

महत्वपूर्ण

प्रमुख सचिव

01/10/21

(मोनिका ...)
अपर मुख्य ...
उच्च शिक्षा ...
उत्तर प्रदेश ...

<u>शासनादेश</u>

<u>संख्या–08/2021/795/उन्नीस–2–2021–1084/85</u>

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस

02 अक्टूबर, 2021 को

"गांधी जयन्ती समारोह"

मनाये जाने के सम्बन्ध में

महत्वपूर्ण

संख्या–08 / 2021 / 795 / उन्नीस–2–2021–1084 / 85

प्रेषक

राजेन्द्र कुमार तिवारी
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सूचना अनुभाग–2 **लखनऊ : दिनांक 30 सितम्बर, 2021**

विषयः–राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्म दिवस, 02 अक्टूबर, 2021 को 'गांधी जयन्ती समारोह'' मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी का अप्रतिम योगदान है। सत्याग्रह तथा सविनय अवज्ञा आन्दोलन के माध्यम से उन्होंने सभी वर्गों में आजादी की लौ को प्रज्ज्वलित किया। देश की राजनैतिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता के माध्यम से महात्मा गांधी ने राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोकर सशक्त राष्ट्र बनाने में अप्रतिम भूमिका का निर्वहन किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म दिवस 02 अक्टूबर हमारे देश के उन सहस्रों ज्ञात व अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं क्रान्तिकारियो के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का बेहतर अवसर है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम की बलिबेदी पर अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। यह दिन हम सबको राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के आदर्शों, सिद्धान्तों व उनके सद्विचारों को अपनाने के साथ ही उनके पदिचन्हों पर चलने का सुअवसर प्रदान करता है।

2– उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पूर्व की भाति इस वर्ष भी 02 अक्टूबर, 2021 को 152वें गांधी जयन्ती समारोह को, वैश्विक महामारी कोविड–19 से बचाव के लिए केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों जैसे–मास्क, सेनेटाइजेशन व सोशल डिस्टेन्सिंग आदि का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए, सम्मानपूर्वक आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की एक रूपरेखा नीचे दी जा रही है। स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसमें यथोचित परिवर्तन / परिवर्द्धन करने के लिए आप सक्षम हैं और ऐसे अन्य कार्यक्रम भी सम्मिलित कर सकते हैं जो इस अवसर के लिए उपयुक्त हो। प्रस्तावित कार्यक्रम निम्नानुसार हैं –

(क) सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये।

(ख) सभी कार्यालयों, विद्यालयों और दूसरी संस्थाओं के किसी बड़े कक्ष या हाल में किसी वरिष्ठ अधिकारी, प्रधानाचार्य या अध्यक्ष द्वारा प्रातः 09:00 बजे महात्मा गांधी जी के एक बड़े चित्र का अनावरण व माल्यार्पण किया जाये और उसके बाद गांधी जी के जीवन–संघर्ष, उनकी देश–सेवा, उनके जीवन–मूल्यों पर प्रकाश डाला जाये। विशेष रूप से निर्बलों एव कमजोरों के कल्याण सम्बन्धी **''अन्त्योदय''** की उनकी अवधारणा, भावनात्मक एकता, राष्ट्रीय एकता एव अखण्डता के सम्बन्ध में उनके विचारो का सक्षेप में परिचय दिया जाये।

(ग) स्कूलों और कालेजों में गांधीवादी जीवन–दृष्टि का प्रचार तथा गांधी जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियो की वाद–विवाद प्रतियोगिता एव गोष्ठी आयोजित की जाये, जिसमें जातिगत भेद–भाव से ऊपर उठकर समाज में समता और समरसता लाने पर बल दिया जाये। मानवाधिकारो की सुरक्षा तथा निर्बलों के उत्पीडन को समाप्त करने और सामाजिक न्याय की अवधारणा एवं उसकी आवश्यकता की पूर्ति हेतु शासन की प्रतिबद्धता से जन–साधारण को अवगत कराया जाये।

(घ) महिलाओं की उन्नति के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा बताये गये मार्ग का अनुकरण करने, बालिका–शिक्षा के प्रसार, दहेज–प्रथा की समाप्ति तथा महिलाओं को आर्थिक–सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने और

सामाजिक चेतना पैदा करने के लिए महिला सशक्तीकरण के उद्देश्य से जन–सामान्य, विशेषकर महिलाओं को जागरूक कराने हेतु प्रभावी अभियान चलाया जाये। राज्य सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनाने के लिए **''जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम–1950''** के प्राविधानों में संशोधन करके अविवाहित पुत्रियों को भी कृषि भूमि पर उत्तराधिकार हक प्रदान किया गया है। अविवाहित पुत्री के विवाह कर लेने की स्थिति में भूमि पर मिला अधिकार उसके पति को न जाकर भूमिधर के परिवार के निकटतम उत्तराधिकारी को पूर्ववत् व्यवस्थाओं के अधीन प्राप्त हो जायेगा।

(ड) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की ग्राम स्वराज्य की अवधारणा के अनुसार गांवों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने तथा मूलभूत सुविधाये उपलब्ध कराने के साथ ही ग्रामवासियों में सच्चरित्रता, सादगी तथा स्वावलम्बन की भावना उत्पन्न की जाये। इस दिशा में शासन की पारदर्शी नीति और इस सम्बन्ध में किये गये अभिनव एवं सार्थक प्रयासों से भी जन साधारण को अवगत कराया जाये।

(च) गांधी जयन्ती–2021 के समारोह को **'आजादी के अमृत महोत्सव'** के कार्यक्रमों के साथ जोड़ा जाय । इस अवसर पर स्वरतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा राष्ट्र की सेवा में लगे हुए व्यक्तियों को भी सम्मानित किया जा सकता है। इस अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा एक दिन प्रत्येक ग्राम पंचायत की बैठक कर **'हर घर जल'** कार्यक्रम, जल सरक्षण आदि विषय पर भी बैठक आयोजित की जाय।

3– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में चलाये गये स्वाधीनता आन्दोलन, उत्तर प्रदेश में उसके व्यापक प्रभाव, उनके महान व्यक्तित्व द्वारा किये गये रचनात्मक कार्यक्रमों, स्वदेशी आन्दोलन, नमक सत्याग्रह, व्यक्तिगत सत्याग्रह, आदि पर प्रकाश डाला जाये।

4– **'सादा जीवन उच्च विचार'**, मितव्ययिता, नैतिकता, भाईचारा तथा सर्वधर्म समभाव जैसे आदर्श जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी जाये। उन्हें यह भी बताया जाये कि देश को कमजोर करने वाली शक्तियों से सावधान रहते हुए राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा करना उनका पुनीत कर्तव्य है, जिसका संकल्प आज के दिन दोहराया जाना चाहिए।

5– **'पंचायती राज'** को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी लोकतंत्र की बुनियादी इकाई मानते थे। इन संस्थाओं की स्वायत्तता और स्वावलम्बन का सपना साकार करने के लिए प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन निर्णयों से जन–साधारण को अवगत कराते हुए बताया जाये कि पंचायतें ग्रामीण विकास तथा 'ग्राम–स्वराज' के नये मार्ग प्रशस्त करेंगी। अब गांवों के विकास कार्यक्रमों में गांवों के नागरिकों, मुख्यतः महिलाओं एवं निर्बल वर्ग के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी।

6– पंचायतों, सार्वजनिक संस्थाओं तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों में आस्था रखने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता से रचनात्मक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के साथ ही समरसता, सदभाव और सहयोग पर आधारित आदर्श समाज की आवश्यकता को रेखांकित किया जाये। धर्म, जाति, रंग आदि सभी भेदभावों को मिटाकर विभिन्न सम्प्रदायों के लोगों में पारस्परिक सदभाव, एकता तथा सहयोग बढाने वाली चेतना विकसित करने के लिए जन–सहभागिता के आधार पर उचित वातावरण तैयार करने का हर सम्भव प्रयास किया जाये।

7– विकास सम्बन्धी शासन की प्राथमिकताओं से जन–मानस को अवगत कराते हुए उन्हें अपेक्षित योगदान के लिए प्रेरित किया जाये। अपराधमुक्त, अन्यायमुक्त एवं भयमुक्त, वातावरण सृजित करने के साथ ही कानून व्यवस्था पर जीरो टालरेंस की नीति पर चलते हुए कानून का राज स्थापित करने तथा संवेदनशील एवं स्वच्छ प्रशासन देने के प्रयासों से आम जनता को अवगत कराया जाये।

8– विकास सम्बंधी शासन की प्राथमिकताओं से जनमानस को अवगत कराते हुए उन्हें अपेक्षित योगदान के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही बेहतर वातावरण के साथ स्वच्छ प्रशासन देने के प्रयासों से आम जनता को अवगत कराया जाए।

9– प्रदेश की वर्तमान सरकार का लक्ष्य है– **'जन आकाक्षांओं की पूर्ति तथा राज्य का समग्र विकास'**। राज्य सरकार **''सबका साथ–सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास''** के आधार पर सभी वर्गों की उन्नति, कल्याण एव सर्वांगीण विकास हेतु कृत–संकल्पित है। बापू की जयन्ती पर उनकी विचारधारा से प्रेरणा लेकर एक सशक्त, समर्थ एवं आत्मनिर्भर भारत के परिकल्पना को उ0प्र0 सरकार पूरा करने के लिए दृढ़ सकल्पित है।

वर्तमान सरकार के साढ़े चार वर्ष के कार्यकाल के दौरान ऐतिहासिक निर्णयों एवं विकासपरक तथा जनकल्याणकारी कार्यक्रमों द्वारा उठाये गये कदमों से स्पष्ट है कि सरकार प्रदेश के आमजन के विकास, उनकी सुरक्षा और कानून व्यवस्था के प्रश्न पर अत्यंत संवेदनशील है। इसके साथ ही कोरोना महामारी का डटकर मुकाबला किया जा रहा है और विकास की गति को भी धीमा नही होने दिया गया है। राज्य सरकार इस अप्रत्याशित संकट को अवसर में बदलते हुए जन सरोकार के कार्यों को पूरी दृढता के साथ लागू कर रही है

और कोरोना महामारी से निपटने के लिए छेड़ी गई जंग में अन्य राज्यों से आगे है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के हितों तथा राज्य के समग्र विकास के लिए संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों, जिनका "संलग्न परिशिष्ट" में उल्लेख किया गया है, के संबंध में जनसाधारण को अवगत कराया जाय।

यह देश सभी धर्मों और सम्प्रदायों में पारस्परिक सद्भावना व एकता से ही प्रगति कर सकता है। प्रदेश में शांति एवं सद्भाव का वातावरण सृजित करने के लिए इस अवसर पर कोविड–19 से बचाव हेतु भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों का अनुपालन करते हुए जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित की जाये और लोगों को जागरूक भी किया जाए।

संलग्नक :– परिशिष्ट

भवदीय,

(राजेन्द्र कुमार तिवारी)
मुख्य सचिव।

संख्या–08 / 2021 / 795(1) / उन्नीस–2–2021–1084 / 85 तद्दिनांकित ।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– समस्त निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्रीगण / समस्त मा0 मंत्रीगण / / मा0 राज्य मंत्रीगण (स्वतंत्र प्रभार) / मा0 राज्य मंत्रीगण को मा0 मंत्री जी को अवगत कराये जाने हेतु।

2– समस्त महापौर, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद एवं अध्यक्ष, नगर पंचायत।

3– समस्त अध्यक्ष, जिला पंचायत, उत्तर प्रदेश।

4– समस्त अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

5– पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

6– समस्त मण्डलायुक्त / विभागाध्यक्ष तथा कार्यालयों के प्रमुख अधिकारीगण।

7– समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण उ0प्र0।

8– निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

9– समस्त नगर आयुक्त तथा नगर पालिका परिषदों एवं नगर पचायत के अधिशासी अधिकारीगण।

10– राज्य सम्पत्ति अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

11– सचिवालय प्रशासन (विविध) अनुभाग–1 / सामान्य प्रशासन विभाग।

12– गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,

(नवनीत सहगल)
अपर मुख्य सचिव।

परिशिष्ट

प्रदेश सरकार द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के हित तथा राज्य के समग्र विकास के लिये संचालित महत्वपूर्ण योजनायें एवं कार्यक्रम :–

1. **जनसमस्या निवारण** :–

जनसमस्याओं के तेजी से निस्तारण हेतु प्रभावी व्यवस्था की गयी है। मा0 मुख्यमंत्री जी के सरकारी आवास पर आयोजित "जनता दर्शन" में प्रदेश के कोने–कोने से आये पीड़ितों/शिकायतकर्ताओं की समस्याओं की सुनवाई करके उसका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाता है। इसके अलावा इन्टीग्रेटेड ग्रिवान्स रिड्रेसल सिस्टम (आई.जी.आर.एस.) के तहत दिनांक 13 सितम्बर, 2021 तक प्राप्त कुल 3,02,15,581 संदर्भों में से 2,97,17,805 मामलों का समयबद्ध निस्तारण। तहसीलों में कोविड–19 प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुए 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन। अब समाधान दिवस प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार तथा 'थाना दिवस' दूसरे एवं चौथे शनिवार को आयोजित करते हुए प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा शुभारम्भ किये गये मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 पर जन शिकायतों का हो रहा है त्वरित निस्तारण।

2. **आस्था को नमन** :–

(1) महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार द्वारा 29 अगस्त, 2021 को अयोध्या में "रामायण कॉनक्लेव" का उदघाटन किया गया।

(2) मा0 प्रधानमंत्री जी ने वाराणसी में 15 जुलाई, 2021 को 186 करोड़ रूपये की लागत से बने अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग एवं सम्मेलन केन्द्र (रूद्राक्ष) के लोकार्पण सहित कुल 1474 करोड़ रूपये की परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया।

(3) अयोध्या में दीपोत्सव, मथुरा में रंगोत्सव एवं कृष्णोत्सव, वाराणसी में शिवरात्रि एवं देव दीपावली का भव्य आयोजन।

(4) छत्तीसगढ़ के रायपुर में अन्तर्राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव में उत्तर प्रदेश की थारू जनजाति दल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

(5) 04 फरवरी, 2021 को मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा शुभारम्भ किये गये "चौरी–चौरा शताब्दी समारोह" एवं "आजादी का अमृत महोत्सव" का आयोजन गोरखपुर एवं काकोरी लखनऊ में किया गया। समस्त जनपदों में कार्यक्रमों का हो रहा है आयोजन।

(6) जनपद वाराणसी में वैदिक सांइस सेन्टर की स्थापना। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का विस्तारीकरण/सौन्दर्यीकरण।

(7) योग क्रिया पर आधारित मूर्त सांस्कृतिक धरोहर वाराणसी के गुरूधाम मंदिर का संरक्षण। गोरखपुर में अत्याधुनिक प्रेक्षागृह का निर्माण, मुक्ताकाशी मंच का अनुरक्षण, गढ़ाकोला उन्नाव में स्मृति भवन पुस्तकालय आदि का निर्माण।

(8) मगहर में आंचलिक भाषा तथा लोक विधाओं के विकास हेतु कबीर अकादमी की स्थापना।

(9) प्रदेश सरकार द्वारा अरूणांचल प्रदेश तथा मेघालय राज्य के साथ पारम्परिक सांस्कृतिक आदान– प्रदान के लिए एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित।

(10) उ0प्र0 की सांस्कृतिक विरासत की विभिन्न लोककलाओं एवं कलाकारों पर हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में 15 डाक्यूमेन्ट्री फिल्मों का निर्माण। 60 वर्ष से अधिक 300 वृद्ध/विपन्न कलाकारों को 2000 रुपये प्रतिमाह मासिक पेंशन।वर्तमान में सभी कलाकारों को भारत सरकार की पेंशन योजना से जोड़ा गया है।

3. **कानून व्यवस्था** :–

(1) प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को और अधिक बेहतर बनाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए वर्तमान सरकार द्वारा कई ऐतिहासिक एवं उल्लेखनीय फैसले लिए गये। पुलिस को और आधुनिक बनाने, कार्यप्रणाली में सुधार लाने के चलते ही इसकी छवि 'मित्र पुलिस' के रूप में स्थापित।

(2) प्रदेश में बढ़ रहे साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु साइबर क्राइम थाना लखनऊ व गौतमबुद्धनगर के अलावा 16 परिक्षेत्रीय मुख्यालयों पर एक–एक साइबर क्राइम थानों की स्थापना। प्रदेश में नये बनने वाले यू0पी0 स्टेट इस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज लखनऊ का शिलान्यास। इसके तहत सेन्टर ऑफ एक्सिलेंस की होगी स्थापना।

(3) जनपद लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर नगर एवं वाराणसी में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू। इससे कानून एवं शांति व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार।

(4) प्रदेश की कारागारों में मोबाइल तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस के प्रयोग पर 3 से 5 वर्ष की सजा तथा 50 हजार रुपये अथवा दोनों से दण्डित करने का प्रावधान।

(5) प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के 214 थानों एवं 111 पुलिस चौकियों की स्थापना की स्वीकृत।

(6) 112 यू0पी0 परियोजना को और अधिक जनपयोगी बनाने के साथ–साथ इसके संसाधनों में बढ़ोत्तरी कर कई नयी परियोजना जोड़ी गई है। औद्योगिक प्रतिष्ठानों को सुरक्षित माहौल देने के लिए लिंक सेवा शुरू करने का निर्णय, वीमेन पावर लाइन 1090, जी0आर0पी0, फायर सर्विस, महिला हेल्प लाइन 181 सेवा का इससे एकीकरण।

(7) "मिशन शक्ति" के अंतर्गत चलाये गये विशेष अभियान के दौरान विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 5,26,538 व्यक्तियों

के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही। प्रदेश के 1535 थानों पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना। महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही के लिए 218 "फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित।

(8) महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाओं पर पूर्णतया अंकुश लगाने के लिए प्रदेश प्रत्येक जिले में "एण्टी रोमियो स्क्वाड अभियान" के अंतर्गत 42,23,226 स्थानों पर चेकिंग कर 1,09,78,512 व्यक्तियों को चेक करते हुए 10876 अभियोग पंजीकृत कर 16045 के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही, 4589288 व्यक्तियों को चेतावनी।

(9) महिलाओं से संबंधित कार्यरत इकाईयों वीमेन पावर लाइन 1090, महिला सम्मान प्रकोष्ठ सी0बी0सी0आई0डी0 की महिला सहायता प्रकोष्ठ को समेकित करते हुए "महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन" की स्थापना। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 'सेफ सिटी परियोजना' का क्रियान्वयन, 45 पिंक बूथ, 18 पिंक शौचालय, 660 स्ट्रीट लाइट की स्थापना।

(10) हड़ताल, बन्दी, दंगों, लोक अशांति के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर हिंसात्मक कार्य करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही तथा लोक एवं निजी सम्पत्ति की क्षति की वसूली के लिए लखनऊ एवं मेरठ मण्डल में दावा अधिकरण का गठन।

(11) लोक एवं निजी सम्पत्ति के क्षति की वसूली की कार्यवाही भू–राजस्व के बकाये के रूप में की जा रही है। सी0ए0ए0 के विरोध में प्रदर्शन में आक्रामक हिंसा के दौरान हुई सरकारी सम्पत्तियों को क्षति पहुंचाने वाले दोषी व्यक्तियों से 26,33,171 रुपये की वसूली।

(12) राज्य के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों आदि की सुरक्षा व्यवस्था प्रोफेशनल तरीके से सुनिश्चित किये जाने हेतु पृथक से उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स नामक नये सुरक्षा बल के गठन का निर्णय।

(13) ई–प्रॉसीक्यूशन प्रणाली के उपयोग में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर।

(14) अपराधों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक कुल 144 दुर्दान्त अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारे गये एवं 3291 घायल हुए। गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत 13801 अभियोग पंजीकृत कर 43294 अभियुक्तों को जेल एवं राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत 630 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

(15) प्रदेश के 25 कुख्यात माफिया अपराधियों को चिन्हित कर उनके तथा उनके सहयोगियों द्वारा आपराधिक कृत्य से अर्जित की गई सम्पत्तियों में लगभग 702 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अवैध सम्पत्तियों के ध्वस्तीकरण / जब्तीकरण की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त 8 अन्य कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध 40 करोड़ से अधिक मूल्य की अवैध सम्पत्तियों की जब्तीकरण की गई। यह प्रक्रिया निरन्तर जारी है।

(16) दुबई सरकार द्वारा वर्ष 2019 में आयोजित इण्टर नेशनल कॉल सेन्टर एवार्ड समारोह में यू0पी0 '112' को तृतीय स्थान प्राप्त।

(17) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन अधिनियम–2021 लागू।

4. किसानों के हितार्थ ऐतिहासिक फैसले :–

(1) प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत कुल 253.98 लाख किसानों को अब तक कुल 37387.40 करोड़ रु0 की धनराशि डी0बी0टी0 के माध्यम से किसानों के खाते में सीधे हस्तांतरित की गयी।

(2) प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना में अगस्त, 2021 तक 252239 लाभार्थियों को कार्ड उपलब्ध कराये गये, जिसमें 74 प्रतिशत पुरूष एवं 26 प्रतिशत महिला लाभार्थी हैं।

(3) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 27.56 लाख कृषकों को अगस्त, 2021 तक 2376.17 करोड़ रुपये का भुगतान।

(4) किसानों को स्प्रिंकलर सिंचाई योजनान्तर्गत वर्तमान सरकार द्वारा कुल 249272 स्प्रिंकलर सेट का वितरण।

(5) बुंदेलखण्ड क्षेत्र में सिंचन क्षमता बढ़ाने के लिए खेत–तालाब योजना के तहत अब तक 20149 खेत–तालाबों का निर्माण। बुंदेलखंण्ड क्षेत्र के किसानों को विभिन्न फसलों के बीजों पर 80 प्रतिशत अनुदान, रबी 2020– 21 में समस्त योजनाओं के अंतर्गत समस्त प्रकार के बीजों के मूल्य का 50 प्रतिशत अनुदान कृषकों को उपलब्ध कराया गया।

(6) प्रदेश में जहां सिंचाई के साधन कम हैं अथवा विद्युत आपूर्ति नहीं है, उन क्षेत्रों में सोलर फोटोवोल्टा इक इरिगेशन पम्प के तहत कुल 24578 सोलर पम्पों की स्थापना।

(7) प्रदेश में बेरोजगार कृषि स्नातकों को रोजगार सृजन हेतु 2334 एग्रीजंक्शन की स्थापना।

(8) किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने के लिए अब तक कुल 249.62 लाख कुन्तल बीजों का वितरण तथा 367 लाख मी0टन उर्वरकों का वितरण। अब तक कुल 75968.47 मी0टन / किली0 कृषि रक्षा रसायनों का वितरण।

(9) फसली ऋण के तहत कुल 424947 करोड़ रुपये का वितरण।

(10) रबी 2020–21 में कुल 619.47 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन, 12.75 लाख मीट्रिक टन तिलहन, तथा जायद में 3.07 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न का उत्पादन।

(11) कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत अब तक 86.87 लाख किसानों के बैंक खाते में 2032.97 करोड़ रूपये का अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से हस्तांतरित। कृषि निवेशों पर देय अनुदान को डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान करने वाला उ0प्र0 देश में पहला राज्य बना।

(12) राष्ट्रीय पुरस्कारों में सर्वाधिक तिलहन उत्पादन हेतु उत्तर प्रदेश को 2 करोड़ रुपये का 'कृषि कर्मण पुरस्कार' तथा देश में सर्वाधिक खाद्यान्न उत्पादन हेतु रुपये 1 करोड़ का प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त। वर्ष 2020–21 में प्रधानमंत्री

किसान सम्मान निधि योजना मे उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत।

(13) सहकारिता विभाग द्वारा अल्पकालीन ऋण वितरण योजना के तहत साढ़े चार वर्ष में 64.37 लाख से अधिक किसानों को अब तक रु0 27328.61 करोड़ का ऋण वितरित। दीर्घकालीन ऋण वितरण योजना के तहत 23 अगस्त, 2021 तक 225538 कृषकों को रु0 327.63 करोड़ ऋण वितरित। किसानों को सहकारी समितियों के माध्यम से वर्ष 2021–22 में अब तक 1148018 मीट्रिक टन उर्वरक तथा 71313 कुन्तल बीज का वितरण।

(14) केन्द्र सरकार द्वारा पारित अधिनियम के क्रम में मण्डी परिसरों के बाहर के व्यापार को पूरी तरह लाइसेंस व मण्डी शुल्क से मुक्त। इससे किसान अपना सामान कहीं भी और किसी भी व्यापारी को तत्काल बेंच सकते है। कृषको के हितार्थ फल एवं सब्जियों के 45 कृषि जिन्सों को गैर अधिसूचित कर मण्डी शुल्क समाप्त किया गया। 125 मण्डी समितियों को ई–नाम पोर्टल से जोडा गया। ई–मण्डी योजना के अन्तर्गत 99019 ई–लाइसेंस निर्गत।

(15) मुख्यमंत्री कृषक कल्याणकारी योजना के अन्तर्गत 62798 कृषकों को 104.8 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान सहायता राशि प्रदान। कोरोना काल के दौरान मण्डियों के 20 हजार से अधिक पल्लेदारों/श्रमिकों को 1000 रुपये की दर से उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया।

5. गन्ना किसानों को सुविधाएं :–

(1) प्रदेश के गन्ना किसानों को गन्ना मूल्य में रु0 25 प्रति कुन्तल वृद्धि कर सरकार ने किसानों को दिया तोहफा। शीघ्र प्रजाति के लिए रु0 350 प्रति कुन्तल, सामान्य प्रजाति के लिए रु0 340 प्रति कुन्तल एवं अस्वीकृत प्रजाति के लिए रु0 335 प्रति कुन्तल की दरें निर्धारित।

(2) गन्ना एवं चीनी उत्पादन मे उत्तर प्रदेश लगातार 04 वर्षो से देश में प्रथम स्थान पर।

(3) वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक 45.22 लाख गन्ना किसानों को 1,44,000 करोड रुपये से अधिक का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान।

(4) गन्ना मूल्य में वृद्धि से किसानों की आय में औसतन 349.80 रुपये प्रति कुन्तल की दर से 60854 रुपये प्रति हेक्टेयर की वृद्धि।

(5) चीनी परता में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। गन्ना उत्पादकता में 9.12 टन प्रति हे0 की वृद्धि। प्रदेश में पिछले 04 वर्षो में 475.68 लाख टन चीनी का रिकार्ड उत्पादन हुआ।

(6) वर्तमान प्रदेश सरकार के कार्यकाल में 119 चीनी मिलों का संचालन कराते हुए 4289 लाख टन गन्ने की पेराई की गई, जो एक रिकार्ड है।

(7) बन्द पडी चीनी मिल पिपराइच (गोरखपुर) एवं मुण्डेरवा (बस्ती) व रमाला (बागपत) में 5000 टी0सी0डी0 क्षमता की 02 नई चीनी मिल का निर्माण व विस्तार, 27 मेगावॉट क्षमता के विद्युत संयंत्र की स्थापना।

(8) ऑनलाइन खाण्डसारी लाइसेंसिंग नीति जारी। प्रदेश में विगत 25 वर्षो में प्रथम बार 272 नई खाण्डसारी इकाइयों हेतु लाइसेंस निर्गत। इससे ग्रामीण क्षेत्रों मे लगभग 1132.50 करोड़ रुपये का पूंजीगत निवेश तथा 30660 लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा।

(9) ग्रामीण महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए प्रदेश के 36 जिलों में 2111 महिला स्वयं सहायता समूहो का गठन, जिनमे 45491 ग्रामी। महिला सदस्य है। 1292.61 लाख रुपये समूहों को अनुदान वितरित।

(10) ई0आर0पी0 के माध्यम से पर्ची निर्गमन कार्य में पूर्ण पारदर्शिता। ऑनलाइन पोर्टल बदमनच.पद एव म–हंदद ऐप द्वारा सर्वे, सट्टा, कैलेण्डर, पर्ची, भुगतान संबंधी सूचना गन्ना किसानों को दी जा रही है।

6. आबकारी विभाग :–

(1) आबकारी विभाग प्रदेश के कर राजस्व मे योगदान करने वाला महत्वपूर्ण विभाग है। कोविड–19 के कारण हुए लॉकडाउन के बावजूद भी आबकारी विभाग ने वर्ष 2020–21 में 7611.33 करोड रुपये का राजस्व अर्जित। वर्ष 2021–22 में जुलाई 2021 तक रुपये 11164.07 करोड रूपये का राजस्व प्राप्त।

(2) शीरा वर्ष 2021–22 मे जुलाई, 2021 तक 554.98 लाख कुन्तल शीरे का उत्पादन हुआ। शीरा उत्पादन में प्रदेश का देश मे प्रथम स्थान है।

(3) प्रदेश में अल्कोहल उत्पादन के लिए 73 आसवनियां स्थापित है। अल्कोहल वर्ष 2019–20 मे 8473.34 लाख बल्क ली0 का उत्पादन हुआ। वर्ष 2020–21 में अब तक 11672.30 लाख बल्क ली0 अल्कोहल का उत्पादन हुआ।

(4) प्रदेश में 12 नई आसवनियों की स्थापना। जिसमें 1121.50 करोड़ रुपये का निवेश। पूर्व स्थापित 20 आसवनियों की उत्पादन क्षमता में वृद्धि की गई, जिसमे 1200 लोगों को रोजगार मिला। 97 हैण्ड सेनेटाइजर उत्पादन इकाइयों की स्थापना, 1700 लोगों को मिला रोजगार।

7. खाद्य एवं रसद विभाग :–

(1) मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत रबी विपणन वर्ष 2021–22 मे 1975 रुपये प्रति कुन्तल गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित। गेहूँ खरीद के लिए 5678 क्रय केन्द्रों पर कुल 1301705 कृषकों से 56.41 लाख मी0 टन गेहूँ की रिकार्ड खरीद। किसानो से गेहूँ क्रय करते हुए 10939.905 करोड़ रुपये का सीधे उनके खातो में भुगतान।

(2) मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2021–22 हेतु रुपये 1960 प्रति कुन्तल ग्रेड–ए धान तथा रुपये 1940

प्रति कुन्तल कामन धान का मूल्य निर्धारित।

(3) मक्का क्रय हेतु खरीफ विपणन वर्ष 2020–21 में मक्के का निर्धारित समर्थन मूल्य 1850 रुपये प्रति कुन्तल की दर से 23 जनपदों में 24859 किसानों से 1.06 लाख मी0टन मक्का क्रय करते हुए रुपये 196.86 करोड़ का भुगतान किया गया है।

(4) कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमन्त्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत राशनकार्डधारकों को 88.42 लाख मी0टन खाद्यान्न व 2.69 लाख मी0 टन चना निःशुल्क वितरित।

(5) ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र की सभी 79550 उचित दर दुकानों में ई–पॉस मशीन की स्थापना।

8. उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण :–

(1) उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2017 के अन्तर्गत कुल 886 आवेदन प्राप्त किये जिनमें पूंजी निवेश रुपये 4696.24 करोड़ तथा कुल लगभग 67714 प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन। अब तक पूंजी अनुदान हेतु 379 प्रस्ताव स्वीकृत, जिनमें रुपये 1278.60 करोड़ का पूंजी निवेश स्वीकृत। स्वीकृत प्रस्तावों के सापेक्ष व्यावसायिक उत्पादन में आ चुकी 236 संस्थाओं को 75.31 करोड़ अनुदान, जिसमें 28.08 करोड़ ब्याज उपादन के रूप में उनके खातों में अन्तरित। इस वर्ष 40 करोड़ रुपये का प्राविधान।

(2) महात्मा गांधी खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत न्याय पंचायत स्तर पर 1265 तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 37950 एवं एक माह के 136 उद्यमिता विकास प्रशिक्षण में 4080 लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। कुल 230 सूक्ष्म, लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित। कुल 920 रोजगार का सृजन।

(3) प्रधानमन्त्री किसान सम्पदा योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्रदेश में निजी क्षेत्र की 50 परियोजनाएं स्वीकृत, जिसमें रु0 1116.08 करोड़ का निवेश। 01 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

(4) आत्मनिर्भर भारत अभियान के अतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत प्रदेश में लगभग 42,000 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना हेतु उत्तर प्रदेश का परिव्यय धनराशि रु0 1700 करोड़ प्राविधानित। प्रदेश में रु0 5000 करोड़ के पूंजी निवेश का अनुमान।

(5) राज्य औद्यानिक मिशन योजनान्तर्गत 125 शीतगृह, 17 राइपनिंग चेम्बर, 02 मिनिमल प्रोसेसिंग इकाई, 587 पैक हाउस, 197 प्याज भण्डारगृह, 132 लो कास्ट प्रिजर्वेशन इकाई की स्थापना से लगभग रुपये 585.87 करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ है।

(6) देश के कुल आलू उत्पादन का 30 से 35 प्रतिशत आलू उत्तर प्रदेश में होता है। हापुड़ एवं कुशीनगर में दो आलू आधारित सेन्टर आफ एक्सीलेंस स्वीकृत। 406 एकड़ में ग्रीन हाउस/शेडनेट हाउस का निर्माण, 494 कृषक लाभान्वित।

9. उद्योग :–

(1) उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट–2018 का सफल आयोजन। देश–विदेश के शीर्ष निवेशकों, उद्योगपतियों द्वारा प्रदेश में विभिन्न उद्योगों की स्थापना के लिए 4.68 लाख करोड़ रुपये के निवेश सम्बन्धी एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित। प्रथम ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान 61 हजार करोड़ रुपये से अधिक की 81 परियोजनाओं का शिलान्यास। द्वितीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में लगभग 65 हजार करोड़ रुपये की 250 से अधिक परियोजनाओं की आधारशिला रखी गयी। परियोजनाओं की स्थापना का कार्य प्रगति पर।

(2) इज आफ डूइंग बिजनेस में उत्तर प्रदेश राज्य का देश में द्वितीय स्थान। विभिन्न लाइसेंस स्वीकृतियां, एन0ओ0सी0 आदि के संबंध में 72 घंटे में एक्नॉलेजमेंट प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था।

(3) बुन्देलखण्ड में 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश से डिफेन्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर की स्थापना का कार्य शुरू। 50 हजार करोड़ से अधिक के 20 एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित कोविड–19 महामारी के दौरान 24 से अधिक एम0ओ0यू0 हस्ताक्षरित, लाखों लोगों के लिए सृजित होंगे रोजगार।

(4) उद्योगों हेतु लैण्ड बैंक का सृजन के अतर्गत प्रदेश में पूर्व से ही 20,000 एकड़ का औद्योगिक भूमि बैंक उपलब्ध है। बुन्देलखण्ड और पूर्वांचल में निजी औद्योगिक की पात्रता सीमा 100 एकड़ से घटाकर 20 एकड़ कर दी गई है।

(5) एक जनपद–एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 26000 से अधिक लाभार्थियों को रुपये 2800 करोड़ का ऋण विभिन्न बैंकों के माध्यम से वितरित। रुपये 700 करोड़ से अधिक की मार्जिन मनी उपादान धनराशि की सहायता प्रदान करते हुए 02 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये।

(6) विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना के अंतर्गत 1,09,885 हस्तशिल्पियों/पारम्परिक कारीगरी उद्यमियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए निःशुल्क उन्नत टूलकिट वितरित।

(7) सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के अंतर्गत अब तक प्रदेश में लगभग 82 लाख एम0एस0एम0ई0 इकाईयों को रुपये 2,15,506 करोड़ ऋण उपलब्ध कराते हुए लगभग 2 करोड़ लोगों को रोजगार से लगाया गया। आत्मनिर्भर भारत पैकेज के अंतर्गत प्रदेश में 4,41,125 इकाईयों रुपये 12222.41 करोड़ की आर्थिक सहायता।

(8) प्रदेश से निर्यात में अत्यधिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2017–18 में जहां 88967.42 करोड़ रुपये का निर्यात किया गया वहीं वित्तीय वर्ष 2020–21 में प्रदेश से रुपये 121141.96 करोड़ का निर्यात किया गया।

10. सूचना प्रौद्योगिकी :–

(1) सरकार द्वारा नयी उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति–2020 अधिसूचित। यमुना एक्सप्रेस–वे में जेवर एयरपोर्ट के समीप इलेक्ट्रॉनिक सिटी की स्थापना, बुन्देलखण्ड में रक्षा इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्ट स्थापना की कार्यवाही। कोविड–19 महामारी के अनुभवों को दृष्टिगत रखकर चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े इलेक्ट्रानिक उपकरणों के प्रदेश में ही निर्माण के उद्देश्य से लखनऊ, उन्नाव, कानपुर जोन में मेडिकल इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना प्रस्तावित। नयी नीति के अंतर्गत रुपये 1000 करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

(2) विदेशी कम्पनियों हेतु ग्रेटर नोएडा में 100 एकड़ क्षेत्र में एक इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर विकसित। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस–वे क्षेत्र भारत में एक इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण हब के रूप में प्रतिष्ठित।

(3) उ0प्र0 इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति–2020 के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को प्रदेश के सभी क्षेत्रों में एक समान विकास का संकल्प। 40 हजार करोड़ का निवेश और 4 लाख लोगों के लिए रोजगार के सृजन का लक्ष्य। मेरठ, आगरा, गोरखपुर, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ तथा बरेली में आईटी पार्क की स्थापना की जा रही है।

(4) उ0प्र0 स्टार्टअप नीति–2020 उद्घोषित। इसके तहत प्रदेश के सभी क्षेत्रों में कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, ऊर्जा, खादी, शिक्षा, पर्यटन, परिवहन आदि क्षेत्रों में स्टार्टअप को बढ़ावा देने का संकल्प। प्रत्येक 10,000 स्टार्टअप की स्थापना के अनुकूल इकोसिस्टम का सृजन। 4000 से अधिक स्टार्टअप उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग भारत सरकार के साथ पंजीकृत हैं। 13 नये इन्क्यूबेटर को मान्यता, राज्य भर में 37 इन्क्यूबेटर पंजीकृत। प्रदेश में लगभग 50 हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं 1 लाख व्यक्तियों को अप्रत्यक्ष रोजगार होंगे सृजित।

11. जी0एस0टी0 :–

(1) वर्ष 2021–22 में माह अगस्त, 2021 तक 36622.57 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, एवं संगत अवधि में गत वर्ष से 12831.04 करोड रुपये अधिक है।

(2) जी0एस0टी0 कॉउन्सिल के निर्णय के अनुरूप उ0प्र0 राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 के उपचार में प्रयुक्त होने वाली कई दवाइयों, उपकरणों इत्यादि पर कर की दरों में कमी करते हुए न्यूनतम कर दर (05 प्रतिशत) रखी गई।

(3) ब्याज/अर्थदण्ड माफी योजना 2020 के अंतर्गत 18666 व्यापारी लाभान्वित तथा रुपये 113.12 करोड़ की आच्छादित बकाया जमा हुई। 03 मार्च, 2021 से 02 सितम्बर 2021 तक के लिए लागू, इस योजना में 12492 व्यापारी लाभान्वित तथा 95.49 करोड रुपये की आच्छादित बकाया जमा।

(4) मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के तहत वर्ष 2020–21 में 155 एवं 2021–22 में अब तक 73 व्यापारी लाभान्वित।

12. नगर विकास :–

(1) स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रदेश की 10 निकायों (नगर निगमों) जनपद लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, अलीगढ, बरेली, झांसी, सहारनपुर व मुरादाबाद चयनित। इन में नगरों अब तक लगभग रु0 3418.63 करोड की धनराशि निर्गत। राज्य स्तर पर 07 अवशेष निगमों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किये जाने का निर्णय।

(2) प्रधानमंत्री आवास योजना–सबके लिए आवास (शहरी) मिशन के तहत शहरी क्षेत्र में आवास विहीन लोगों के लिए भारत सरकार द्वारा अब तक कुल 16,03,502 आवास स्वीकृत। जिसके सापेक्ष 16391.01 करोड रुपये की धनराशि सीधे लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त।

(3) प्रधानमंत्री स्वनिधि आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत चिन्हित 8,80,914 पथ विक्रेताओं को 5,56,899 लाभार्थियों को बैंकों से ऋण स्वीकृत।

(4) अटल नवीकरण एवं शहरी रुपान्तरण मिशन (अमृत) योजना के अन्तर्गत लगभग 11,421.66 करोड रुपये की परियोजना निरूपित कर पेयजल, सीवरेज एवं पार्कों का निर्माण प्रगति पर। योजना के तहत अब तक पेयजल के 6.70 लाख गृह संयोजन व सीवरेज के 5.47 लाख गृह संयोजन।

(5) प0 दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजनान्तर्गत शहरी बेघरों के लिए आश्रय गृह निर्माण की 148 परियोजनाए स्वीकृत। जिनमें 104 शेल्टर होम पूर्ण। अवशेष कार्य प्रगति पर।

(6) स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश खुले में शौच से मुक्त। समस्त नगर निकायों को क्यू0सी0आई0 द्वारा ओ0डी0एफ0 प्रमाणित।

(7) लखनऊ सहित प्रदेश के 14 शहरों में सस्ती दरों पर इलेक्ट्रिक बसों की सुविधा।

13. जलशक्ति :–

(1) वर्तमान सरकार के साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 13 परियोजनाएं पूरी।

(2) 04 वर्षों में 3.77 लाख हे0 अतिरिक्त सिंचाई क्षमता का सृजन।

(3) केन बेतवा लिंक परियोजना नदी के जल बंटवारे को लेकर मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।

(4) तटबन्धों को सुरक्षित करके बाढ से बचाव हेतु 628 करोड़ रुपये की लागत से ड्रेजिंग कार्य पूर्ण।

(5) 46 वर्षों से लम्बित बाणसागर नहर परियोजना पूरी करायी गयी। इसका लोकार्पण मा0 प्रधानमंत्री जी ने 15 जुलाई 2018 को किया था। इस परियोजना से मिर्जापुर एव प्रयागराज जनपदों की 150132 हे0 भूमि सिंचित हो रही है और 1.70 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

